RNI NO: UPHIN/2021/83520 टाइटिल कोड : UPHIN49516

# दस्तक चाणक्य

वर्ष : 06 अंक : 32 (हिन्दी साप्ताहिक) लखनऊ, सोमवार 17 अगस्त, 2026 मूल्य : 1.00 रुपया पृष्ठ : 8


# मुख्यमंत्री ने विधानभवन पर किया ध्वजारोहण

## स्वतंत्रता दिवस स्वाधीनता संग्राम सेनानियों सैनिकों क्रान्तिकारियों के स्मरण का अवसर-योगी

लखनऊ( यूएनएस )। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर अन्नदाता किसान के खेत में समृद्धि हो, हर बेटी के सपने को उड़ान मिले, हर गांव में विकास की रोशनी हो और हर नागरिक के जीवन में सम्मान हो, यही डबल इंजन सरकार का संकल्प है। हमारे स्वाधीनता सेनानियों ने हमें आजादी दिलायी है। अब वर्तमान पीढ़ी की जिम्मेदारी है कि भारत को समृद्ध, सामर्थ्य और स्वाभिमान की नई ऊंचाइयों तक ले जाएं। स्वाधीनता हमें विरासत में मिली, लेकिन विकसित भारत का निर्माण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। विकसित भारत तब होगा, जब विकसित उत्तर प्रदेश के लिए सभी सामूहिक रूप से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। विकसित भारत का सपना साकार करने की दिशा में जब 25 करोड़ की आबादी वाला राज्य एक साथ, एक स्वर में, एक साथ चलता दिखाई देगा, तभी स्वाधीनता संग्राम सेनानियों और वीर सैनिकों के योगदान और बलिदान के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।मुख्यमंत्री 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज यहां विधान भवन के समक्ष आयोजित समारोह में ध्वजारोहण



करने के बाद अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। ध्वजारोहण के पूर्व राष्ट्रगीत एवं पश्चात राष्ट्रगान का वादन हुआ। कार्यक्रम में 32वीं एवं 35वीं वाहिनी पीएसी तथा मिलिट्री बैण्ड ने अनुशासित एवं आकर्षक प्रस्तुति ने समारोह की गरिमा बढ़ायी। समारोह के दौरान सांस्कृतिककार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इसमें उत्तर प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ,घ् गुजरात तथा बिहार के कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी गयीं। संस्कृति विभाग के ओर से 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना को केन्द्र में रखते हुए विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गयी। मुख्यमंत्री ने शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया। उन्होंने तिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े। मुख्यमंत्री ने शौर्य चक्र से अलंकृत शहीद ले. हरी सिंह बिष्ट व ले. कर्नल अमित मोहिन्द्रा के परिजन तथा कर्नल भरत सिंह को सम्मानित किया। उन्होंने वीर चक्र से अलंकृत शहीद नायक राजा सिंह, ऑपरेशन विजय के वीर नायक शहीद मेजर रितेश शर्मा, शहीद एनसी पुताली वायु सेना, शहीद नायक अरुण कुमार त्रिपाठी, शहीद ले कमाण्डर रजनीकान्त यादव, शहीद राजवीर सिंह, सिग्नल मैन शहीद हर्षवर्धन सिंह तथा सेना मेडल से अलंकृत शहीद हवलदार पंकज सिंह, ले कर्नल प्रभांशु सिंह, शहीद रक्षाराम, शहीद दिवाकर तिवारी तथा लांसनायक शहीद बचान सिंह के परिजन को सम्मानित किया। आजादी की लड़ाई उत्तर प्रदेश के बगैर अधूरी समझी जाएगी। प्रदेश में मंगल पाण्डे से लेकर झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, वीरांगना अवंती बाई लोधी, झलकारी बाई कोरी, वीरांगना ऊदा देवी पासी, चन्द्रशेखर आजाद, पं राम प्रसाद बिस्मिल, ठा रोशन सिंह, तात्या टोपे, धन सिंह कोतवाल जैसे अनेक क्रान्तिकारियों की एक लम्बी श्रृंखला है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। उत्तर प्रदेश की धरती में स्वाधीनता के बिगुल को प्रथम स्वातंर्त्य समर के रूप में पूरब से पश्चिम तक प्रत्येक जनपद तक पहुंचाने का कार्य इन महान क्रान्तिकारियों और स्वाधीनता संग्राम सेनानियों ने आगे बढ़ाया था, जिसकी परिणति 15 अगस्त, 1947 को भारत की स्वाधीनता के रूप में हम सभी को देखने को मिली है। इंस्पेक्टर सुनील कुमार के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान के लिए उन्हें कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रत्येक उस जवान के शौर्य, कर्तव्य, निष्ठा और बलिदान का एक राष्ट्रीय सम्मान है, जो अपनी जान की परवाह किए बिना प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ लगे और डटे हुए हैं। स्वाधीनता दिवस के अवसर पर उन्होंने शहीद सुनील कुमार को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।



# संपादकीय

## किस भ्रम में देश का युवा! आखिर क्यों भटक रही है नई पीढ़ी ?



भारत दुनिया का सबसे युवा देशों में से एक है। कहा जाता है कि किसी भी देश की सबसे बड़ी ताकत उसके युवा होते हैं। लेकिन आज एक बड़ा सवाल हमारे सामने खड़ा हैकृक्या देश का युवा सही दिशा में आगे बढ़ रहा है, या वह भ्रम के जाल में फँसता जा रहा है? आज का युवा पहले की तुलना में अधिक पढ़ा-लिखा, तकनीक से जुड़ा और जागरूक है। उसके हाथ में स्मार्टफोन है, इंटरनेट है और दुनिया भर की जानकारी तक उसकी पहुँच है। लेकिन यही जानकारी कई बार भ्रम का कारण भी बन जाती है। हर दिन सोशल मीडिया पर हजारों वीडियो, पोस्ट और संदेश सामने आते हैं। इनमें कुछ तथ्यात्मक होते हैं, तो कई अधूरी, भ्रामक या झूठी जानकारियों पर आधारित होते हैं। ऐसे माहौल में सही और गलत के बीच अंतर करना आसान नहीं रह जाता। भ्रम का एक बड़ा कारण बढ़ती सूचना की बाढ़ भी है। हर व्यक्ति अपनी राय को अंतिम सत्य की तरह प्रस्तुत करता है। राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन, प्रभावशाली सोशल मीडिया अकाउंट और विभिन्न विचारधाराएँ युवाओं को अपनी-अपनी सोच के अनुसार प्रभावित करने का प्रयास करती हैं। यदि युवा बिना तथ्य जाँचे किसी भी जानकारी पर विश्वास कर ले, तो उसके निर्णय और सोच दोनों प्रभावित हो सकते हैं।

दूसरी ओर, रोजगार और भविष्य की चिंता भी युवाओं में असमंजस पैदा कर रही है। लाखों छात्र वर्षों तक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन सीमित अवसरों के कारण उन्हें सफलता नहीं मिलती। ऐसे में निराशा, तनाव और भविष्य को लेकर असुरक्षा की भावना बढ़ती है। कई युवा जल्दी सफलता पाने के दबाव में गलत रास्ते भी चुन लेते हैं। सोशल मीडिया ने तुलना की संस्कृति को भी बढ़ावा दिया है। लोग दूसरों की सफलता देखकर स्वयं को असफल समझने लगते हैं। कुछ मिनटों की वीडियो क्लिप और दिखावटी जीवनशैली यह भ्रम पैदा करती है कि सफलता केवल प्रसिद्धि, पैसा या वायरल होने से मिलती है, जबकि वास्तविक सफलता मेहनत, धैर्य और निरंतर सीखने से प्राप्त होती है। हालाँकि, केवल व्यवस्था या सोशल मीडिया को दोष देना उचित नहीं होगा। युवाओं की भी जिम्मेदारी है कि वे किसी भी सूचना पर आँख बंद करके विश्वास न करें। किसी भी विषय पर अलग-अलग स्त्रोतों से जानकारी लें, तथ्यों की जाँच करें, प्रश्न पूछें और आलोचनात्मक सोच विकसित करें। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना भी है। परिवार, विद्यालय, समाज और सरकारकृसभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। यदि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार के अवसर, सही मार्गदर्शन और स्वस्थ संवाद का वातावरण मिलेगा, तो वे भ्रम से निकलकर देश के विकास में अधिक प्रभावी योगदान दे सकेंगे। अंततः, भारत का भविष्य उसके युवाओं के हाथ में है। यदि युवा तथ्यों, ज्ञान, वैज्ञानिक सोच और संविधान के मूल्यों को आधार बनाकर आगे बढ़ेंगे, तो कोई भी भ्रम उन्हें लंबे समय तक भटका नहीं सकता। लेकिन यदि वे बिना सोचे-समझे अफवाहों, कट्टरता या झूठी सूचनाओं के प्रभाव में आ गए, तो इसका नुकसान केवल उन्हें ही नहीं, पूरे देश को उठाना पड़ेगा। इसलिए आज आवश्यकता किसी एक विचारधारा का समर्थन या विरोध करने की नहीं, बल्कि जागरूक, विवेकशील और जिम्मेदार नागरिक बनने की है। यही वह मार्ग है जो युवाओं को भ्रम से निकालकर उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जा सकता है।

# टूटा गया माइनस चालीस ( -40 ) अंक का नैरेटिव तिलिस्म

महेंद्र प्रताप सिंह ( मैनपुरी )



अभी कुछ समय पहले डॉक्टर्स की पोस्ट ग्रेजुवेट सीट हेतु प्रवेश के लिए-40 अंक तक के डॉक्टर्स को प्रवेश हेतु एक पत्र जारी हुआ। जिसमें विशेष समुदाय हेतु यह छूट प्रदान की गई उसी तरह पत्र के माध्यम से इडब्ल्यूएस को भी यह छूट दी गई किंतु उसको उजागर ससमय उजागर नहीं किया गया। जिससे आरक्षण वालों को कोसने का एक विशेष वर्ग को सुनहरा मौका मिल गया बस फिर क्या था ? एक वर्ग को दूसरे वर्ग द्वारा अपात्र बताने, उन्हें बुद्धि हीन साबित करने का खेल खेला जाने लगा। जिस पत्र में -40 आरक्षित वर्ग की बात लिखी थी उसको लेकर विशेष समाज द्वारा सोशल मीडिया पर, किसी किसी ने चनल्स पर, किसी ने यू-ट्यूब के सहारे तो किसी ने मीम्स के माध्यम से एक विशेष वर्ग को टारगेट किया। कहा कि आरक्षण से-40 अंक के लोग डॉक्टर बनेंगे, क्या आप अपना इलाज उनसे कराएंगे ? ऐसा कहते हुए धुँआधाड़ प्रचार-प्रसार चालू हुआ। एक समाज को सर्वसमाज के आगे निम्म, हीन साबित करने का भरकस प्रयास। इसमें कही हद तक वे सफल भी रहे। मगर हर जगह प्रचार-प्रसार में तथ्यों को छुपाया गया-40 पर डॉक्टर बनाना सिद्ध किया जाता रहा, आरक्षण को पानी पी-पी कर कोसा गया किंतु...अब कुछ प्रश्न उनसे जिन्होंने प्रचार-प्रसार किया, उनसे जिन्होंने खुद को श्रेष्ठ समझा और दूसरों को नीचा दिखाने का भरकस प्रयास किया, उनसे जिन्होंने अपनी फेस बुक वॉल पर, स्टेटस पर इसके लिए मुहिम चलाई। क्या ये अंक डॉक्टर बनने ( यानी एमबीबीएस ) के लिए थे ? क्या एमबीबीएसके लिए ऐसा किया जा रहा था ? क्या किसी सरकारी मेडिकल कॉलेज में किसी को -40 अंक पर प्रवेश दिया गया ? अब समझिए धूर्तता भरा खेल पहले तो-40 अंक पर उन्हें लिया जा रहा था जो पहले से एमबीबीएस कर चुके थे यानी डॉक्टर्स थे। मेडिकल लाइन में पीजी हेतु यह छूट दी गयी थी न कि एमबीबीएस हेतु। इसमें भी ध्यान दें कि ये अंक पीजी में भी किसी भी सरकारी मेडिकल कॉलेज की सीट को-40 पर भरने हेतु नहीं थी। अब समझिए सच्चाई, प्राइवेट मेडिकल कॉलेज जो कि धन्नासेठों या कुछ नेताओं के भी हों तो कोई बड़ी बात नहीं। इन दोनों का ही सत्ता में अच्छा खासा हस्तक्षेप रहता हैं। प्राइवेट मेडिकल कॉलेज की 1 सीट 1 करोड़ तक की होती हैं सीटों की संख्या भी निर्धारित होती है। अब जिन सत्ता समर्थक नेता, धन्नासेठों ने कॉलेज, शिक्षा के लिए नहीं बल्कि व्यापार के लिए बनवाया हो और उसके मेडिकल कॉलेज की सीट खाली जाए तो वह मुनाफा कैसे कमाता ? पीजी के लिए परीक्षा हुई सरकारी मेडिकल कॉलेज भर गए, प्राइवेट मेडीकल कॉलेज की सीट्स खाली रही होंगी तो जब कोई अपेक्षित अंक तक नहीं मिला। फिर इन कॉलेज को इतना नीचे कि-40 अंक तक आना पड़ा। चूंकि सीट्स विशेष वर्ग के लिए थी तो यहां डबल गेम खेला गया, इतने नीचे ला कर एक तो विशेष वर्ग को अच्छे से बदनाम कर सकेंगे दूसरा जिसके पास 1 करोड़ होगा वो इस सीट पर एडमिशन ले लेगा। ''आम के आम गुठलियों के दाम'' ।-40 पर विशेष वर्ग के कितने डॉक्टर्स ने पीजी में एडमिशन लिया ज्ञात नहीं मगर इस पत्र को बहुत वायरल किया गया इतना कि समाज में आरक्षण व विशेष वर्ग को हर समय कोसा जाने लगा। हर प्लेटफॉर्म पर हल्ला कर दिया-40 पर डॉक्टर बनेंगे। मगर किसी ने यह प्रश्न नही किया कि ऐसा हुआ क्यों ? विशेष षणयंत्र के तहत बहुत स्थानों संस्थानों में नौकरी देने में चयन बोर्ड एनएफएस( नॉट फाइंड स्विटबल ) करके स्थानों को हर वर्ष खाली रहने देता हैं जिसके कई उदाहरण मिल जाएंगे। प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में पी जी हेतु यदि ऐसी पद्धति अपनाई जाती तो बहुत से शिक्षा व्यापारियों का नुकसान हो जाता। इसलिए जानबूझ कर ऐसा नहीं किया गया। फिर एक तीर से दो निशाने भी लगाने थे। एक 1 करोड़ की कोई सीट खाली न जाये दूसरा बदनामी भी कर सकें। अब जब यह नैरेटिव, बदनाम करने की नीयत, दुष्प्रचार चरम पर था, कुछ विक्षिप्त मानसिकता के लोग एक ओर यह कहते या पोस्ट करते फिर रहे थे कि क्या -40 अंक वाले डॉक्टर्स से आप इलाज कराएंगे ?वही दूसरी ओर अपनी कमियां ,मक्कारी , धूर्तता भी छिपा रहे थे। खुद को श्रेष्ठ व दूसरों को नीचा दिखा रहे थे कि इसी बीच वर्ष 2023 का पत्र जारी हुआ सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल हुआ, जिसमें सभी वर्ग के लिए-40 पर पी जी मेडिकल में प्रवेश हेतु छूट मिली थी। किंतु हल्ला 2026 वाले पर कटा क्योंकि अपनी छिपा कर दूसरे की इज्जत उछालना जो था। अब क्या... ?

काटो तो खून नहीं। अब कैसे ,किसे कोसे... ? अब तो बात उनके खुद के समाज, स्वघोषित खुद को सर्वश्रेष्ठ कहने पर आ गयी तो अब शान्त होने में भलाई समझी। कुछ ने अपनी पोस्ट डिलेट की , तो कुछ चुप हुए। मगर विरोध नहीं किया गया। अब वही दहाड़े मार-मारकर रोने की स्थिति नारादद हो चुकी थी क्योंकि ऐसे लोगों की नियति, मन मस्तिष्क में पक्षपात भरा हुआ था जिनका न्यायिक होना इनके बस की बात नही। हां अफवाह फैलाने, बदनाम करने, नीचा दिखाने में महारत हासिल हैं। एक बात स्मरण रहे व्यापारी, व्यापारी होता है। वह किसी जाति,वर्ग, धर्म से उसे कोई लेना देना नहीं उसे अपने व्यापार में मुनाफा चाहिए ।जो शिक्षा माफिया है जिन्होंने शिक्षा को व्यापार बना दिया है उनके लिए कोई मायने नहीं रखता बस उन्हें घाटा न हो। बाकी घाटे से बचना कैसे है ?सीट कैसे बेचनी है ? उसके लिए उनकी सत्ता में अच्छी पकड़ होती है। सच तो यह है कि हमारे देश मे हर जाति ,वर्ग ,धर्म मे काबिल छात्र छात्राओं की भरमार है। जिसके अनगिनत उदाहरण मिल जाएंगे किंतु दुःखद यह की उनके पास संसाधन नहीं। कई नालायक अपने पैसे के दम पर डोनेशन के जरिये, पेपर लीक कराकर या 1 करोड़ की सीट पर एडमिशन लेकर डठठै करके डॉक्टर भी बनते है और जब बन जाते तब कितनी ही की जान लेते है कितनों की किडनी बेचते है ? यह तो वे ही जाने। मगर पैसे की दम से बना डॉक्टर केवल पैसा ही कमाता है न की सेवा करता है। होना तो यह चाहिए कि शिक्षा हर वर्ग, जाति, धर्म के लिए कक्षा एक से लेकर डॉक्टर्स इंजीनियर्स, आईएएस, पी सी एस की कोचिंग्स इत्यादि की सुविधा बच्चे के कामयाब होने तक पूर्णतः निःशुल्क हो। सीट्स निर्धारित, पेपर अभेद सुरक्षा के तरीकों से हो ताकि कोई लीक करवाकर काबिल बच्चों का हक न मार सके। बच्चा चाहे सरकारी में पढ़े या प्राइवेट में हर कक्षा का पाठ्यक्रम पूरे देश में एक हो। मेरा मानना है कि निजी या प्राइवेट जैसी शिक्षा की कोई संस्था ही न हो जो हो सब सरकारी। रिक्शे वाले से लेकर राष्ट्रपति तक का बच्चा एक समान सुविधाओं के सरकारी स्कूल में एक साथ पढ़े और आगे बढ़े। मगर यह सपना सपना ही रह जायेगा क्योंकि शिक्षा बजट निरंतर कम होना, राजनेताओं, उधोगपतियों, अभिनेताओं , व्यापारियों, प्रशासनिक अधिकारियों नीति निर्धारकों के बच्चे विदेश में पढ़ेंगे तब तक यहां की शिक्षा का यही हाल रहेगा। फिर देश में आकर सत्ता में बैठे ऊंची पकड़ वाले लोग अपनी बेटा बेटियों को बिना परीक्षा के लेट्रिल एंट्री के माध्यम से आईएएस बना ही देंगे। काश..., लोग एक दूसरे समाज को नीचा दिखाने की बजाय शिक्षा व्यवस्था में सुधार व समान अवसर पर चिंतन कर मांग उठाएं।

# संक्षिप्त

## मैनपुरी भाजपा युवा मोर्चा ने कांग्रेस का पुतला फूंका

मैनपुरी, दस्तक चाणक्य , पवन शाक्य: जिले में भाजपा युवा मोर्चा ने कांग्रेस पार्टी का पुतला फूंका और पैदल मार्च निकाला। यह प्रदर्शन प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा रोहित मिश्रा के आह्वान पर जिला अध्यक्ष अनिल राजपूत के नेतृत्व में किया गया। युवा मोर्चा ने कांग्रेस मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हुए एक कार्यक्रम से संबंधित वीडियो और समाचारों को लेकर विरोध जताया। उनका आरोप है कि इस घटना से 'वंदे मातरम' का अपमान हुआ है, जिसने पूरे देश में बहस छेड़ दी है। इस दौरान जिला अध्यक्ष अनिल राजपूत ने कहा कि 'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा रहा है। उन्होंने बताया कि इस गीत ने क्रांतिकारियों और देशभक्तों को मातृभूमि के लिए सर्वोच्च बलिदान की प्रेरणा दी। राजपूत ने आगे कहा कि राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत या तिरंगे का सम्मान राजनीति से ऊपर होना चाहिए। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से एक समान सम्मान का संदेश देने का आग्रह किया, ताकि देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक परंपराएं मजबूत हों। उनके अनुसार, 'वंदे मातरम' भारतमाता के प्रति श्रद्धा और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौतम चौहान, जिला उपाध्यक्ष विक्रांत चौहान, ब्लॉक प्रमुख कश्मीर राजपूत, शुभम गुप्ता, शिखर मिश्रा, अमित राजपूत और वीरप्रताप राजपूत सहित कई युवा मोर्चा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मैनपुरी में वीरांगना अवंतीबाई लोधी की 195वीं जयंती मनाई गई

मैनपुरी, दस्तक चाणक्य , सतेंद्र शाक्य: मैनपुरी में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की 195वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर जिलेभर में भव्य शोभायात्राएं निकाली गईं, जिनमें हजारों लोगों ने भाग लिया। मुख्य आयोजन मैनपुरी शहर, कुरावली और आलीपुर खेड़ा में हुए। शहर में शोभायात्रा का शुभारंभ ज्योति तिराहा स्थित केएस मैरिज होम से हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष ममता राजपूत ने हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया। शोभायात्रा संयोजक फैजान सिंह लोधी ने सह संयोजक आदेश लोधी, अनिल वर्मा, शिवकुमार राजपूत और गोविंद लोधी के साथ जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। शोभायात्रा में सबसे आगे वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के स्वरूप की झांकी थी, जिसमें एक व्यक्ति घोड़े पर सवार होकर हाथों में तलवार लिए चल रहा था। डीजे पर महारानी के बलिदान से जुड़े गीत बज रहे थे, जिन पर लोग नारे लगाते हुए चल रहे थे। इस यात्रा में एक दर्जन से अधिक महापुरुषों की झांकियां भी शामिल थीं। युवाओं ने बाइक रैली



निकालकर उत्साह का संचार किया।

यह शोभायात्रा शहर के आगरा रोड, बड़ा चौराहा, तांगा स्टैंड, किशनपुरा, कचहरी रोड और कृष्णा नदी पुल से होते हुए जेल चौराहे पर पहुंची। जेल चौराहे पर स्थित वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ यात्रा का समापन हुआ। इस अवसर पर उनके अदम्य साहस और देश के लिए दिए गए बलिदान को याद करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया। इस आयोजन में अहिवरन सिंह राजपूत, सतीश राजपूत, कमलेश राजपूत, कमल वर्मा, रितिक राजपूत, प्रवीन राजपूत ( सभासद ), अनिल राजपूत, शिखर मोहन राजपूत, राहुल लोधी, सतेंद्र लोधी, नितिन लोधी, सुरजीत राजपूत और मिलन लोधी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# एटा में राज्य मंत्री धर्मवीर ने शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

एटा , दस्तक चाणक्य , सोनू यादव: एटा में 80वां स्वतंत्रता दिवस शनिवार को हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति ने विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर शहीदों के परिवारों को सम्मानित किया। उन्होंने मारहरा रोड स्थित रानी अवंती बाई लोधी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने अपने कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता जताई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन ने पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्ड प्रांगण में ध्वजारोहण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान एसएसपी ने उत्कृष्ट सेवा और कर्तव्यनिष्ठा के लिए पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने और जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का संदेश दिया।




# संक्षिप्त

## बिलसंडा में 80वें स्वतंत्रता दिवस पर निकाली गई भव्य तिरंगा-यात्रा,सभी ने बढ़-चढ़ लिया हिस्सा

पीलीभीत, दस्तक चाणक्य , सोनपाल: जिले के ब्लाक- बिलसंडा के गांव तिल्छीके एमआरईएम पब्लिक स्कूल में 80वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर तिरंगा -यात्रा का आयोजन हुआ। स्कूल परिसर में सबसे पहले ध्वजारोहण किया गया तथा राष्ट्रगान हुआ। बाद में विद्यालय



परिसर से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हुआ। यह तिरंगा -यात्रा विद्यालय से निकलकर तिल्छी चौराहे से होती हुई कंपोजिट विद्यालय तिल्छी, खेल मैदान, जामा-मस्जिद तथा तिल्छी के मेंन रोड से होती हुई वापस एमआरईएम पब्लिक स्कूल में समापन हुआ। इस तिरंगा यात्रा में बच्चों ने अपने करतव भी दिखाएं। इस बच्चों के करतव देखकर लोग आश्चर्य चकित हुए और लोगों द्वारा स्कूल के बच्चों की प्रशंसा भी की गई। तिरंगा यात्रा में प्रधानाचार्य यूनुस, प्रदीप भारती, विनीत पाल, विजय वर्मा विव्यांश पांडे ,रुद्रांश पांडे ,सावेज खान, साहिबा खान ,सालवी, शीतल वर्मा सहित स्कूल के सभी अध्यापक अध्यापिकाएं तथा सभी छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने कि ध्वजारोहण

पीलीभीत, दस्तक चाणक्य , सोनपाल: कस्बा बिलसंडा में भाजपा पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने 80वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर



पर बड़े हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण किया। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। वहां उपस्थित सभी ने मातृभूमि के प्रति श्रद्धा , सम्मान और राष्ट्रभक्ति का भाव प्रकट किया। यह पावन तिरंगा हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, बलिदान और अखंड राष्ट्र गौरव का प्रतीक है। आइए, हम सभी राष्ट्रहित, एकता और संविधान के आदर्शों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और सशक्त करें। इस शुभ अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मौर्य ,बिलसंडा मंडल उपाध्यक्ष अरविंद शुक्ला, सुमित गुप्ता, राजा सिंह ,पप्पू मंसूरी, सतनाम सिंह मुकेश सक्सेना, जसपाल सिंह, संत कुमार मिश्रा सहित अनेकों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## एन.आर. हायर सेकेंडरी स्कूल कठौतिया में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

इटावा , दस्तक चाणक्य , अभिषेक शाक्य: एन.आर. हायर सेकेंडरी स्कूल कठौतिया में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मेघनाथ शाक्य ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद विद्यालय के प्रबंधक विनीत कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह



में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों से विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या नीता शाक्य ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व से अवगत कराते हुए देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सहायक अध्यापक पी.के. यादव, नरेंद्र कुमार, विकास राना, सत्यम शर्मा सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। समारोह का समापन राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति के संकल्प के साथ हुआ।

# 80वें स्वतंत्रता दिवस पर निकाली गई तिरंगा यात्रा, देश भक्ति के नारों से गूंजा बिलसंडा



पीलीभीत, दस्तक चाणक्य , सोनपाल: कस्बा बिलसंडा के रूप देवी पब्लिक इंटर कॉलेज में 80 वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सबसे पहले ध्वजारोहण किया गया। बाद में स्कूल परिसर से ही बच्चों की कतार लगाकर तिरंगा यात्रा के लिए तैयार किया। फिर तिरंगा-यात्रा का कालेज से शुभारंभ हुआ।तिरंगा यात्रा गोला रोड बिलसंडा से होती हुई पुरानी बैंक ऑफबडौदा, थाना-बिलसंडा, देवी स्थान मंदिर,पक्का-तालाब, गांधी स्मारक सुंदरलाल इंटर कॉलेज, कमल पार्क से होती हुई वापस रूप देवी पब्लिक इंटर कॉलेज में इसका समापन हुआ इस तिरंगा यात्रा में रानी लक्ष्मीबाई, चंद्रशेखर आजाद, भारत माता,शहीद भगत सिंह की झांकियां भी निकल गई।जो बहुत शोभनीय रही। इस तिरंगा यात्रा मेंभारत माता की जय के नारो से कस्बा बिलसंडा की गली गली गूंज उठी। कालेज के सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं तथा छात्र-छात्राओं ने बड़े हर्षोल्लास से इस तिरंगा यात्रा को सफल बनाया। इस तिरंगा यात्रा में कालेज के संरक्षक-रामरतन कुशवाहा ,प्रधानाचार्य -राजीव कुमार मौर्य,सहित सभी अध्यापक-अध्यापिकाएं तथा कक्षा एक से बारह तक सभी छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

# नन्दबाबा दुग्ध मिशन के तहत गौपालकों को दिया गया प्रशिक्षण

## स्वच्छ दुग्ध उत्पादन और पशु स्वास्थ्य की दी जानकारी

फर्रुखाबाद , दस्तक चाणक्य , धर्मबीर सिंह: नन्दबाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत स्वदेशी गौ संवर्धन योजना से चयनित गौपालकों के लिए विकास भवन, फतेहगढ़ में एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक नन्दलाल वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. धीरज कुमार शर्मा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, फर्रुखाबाद का बुके देकर स्वागत किया गया। उन्होंने कार्यशाला को संबोधित करते हुए गौपालकों को पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य, उचित देखभाल और योजनाओं का लाभ उठाकर दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

प्रशिक्षण के दौरान ट्रेनर डॉ. जगत प्रकाश सिंह एवं श्री मनोज कुमार, राजकीय दुग्ध पर्यवेक्षक ने गौपालकों को पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों से बचाव, पशुओं की स्वच्छता, उचित पोषण तथा स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पादन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। विशेषज्ञों ने गौपालकों की समस्याओं का समाधान करते हुए उन्हें पशुपालन से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कार्यशाला में नन्दबाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत




संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी गौपालकों को दी गई। अधिकारियों के अनुसार नन्दनी कृषक समृद्धि योजना के तहत 25 गायों की परियोजना पर 62.50 लाख रुपये की लागत में लाभार्थी को 50 प्रतिशत तक अनुदान का प्रावधान है। इसी प्रकार मिनी नन्दनी कृषक समृद्धि योजना में 10 गायों की परियोजना के लिए 21.60 लाख रुपये की लागत पर 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। वहीं स्वदेशी गौ संवर्धन योजना के तहत दो गायों की इकाई पर दो लाख रुपये की लागत में प्रति गाय 40 प्रतिशत, अधिकतम 80 हजार रुपये तक अनुदान का प्रावधान बताया गया। कार्यशाला में मुख्यमंत्री प्रगतिशील प्रोत्साहन योजना की भी जानकारी दी गई।

इसके अन्तर्गत गिरि, साहिवाल, हरियाणा एवं थारपारकर जैसी उन्नत नस्ल की गायों के दुग्ध उत्पादन के आधार पर लाभार्थियों को 10 हजार से 15 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि दिए जाने की जानकारी दी गई।

# संक्षिप्त

## जमीन धोखाधड़ी के मामले में वांछित अभियुक्त अवधेश कुमार गिरफ्तार

फर्रुखाबाद , दस्तक चाणक्य , धर्मबीर सिंहः कोतवाली कायमगंज पुलिस ने जमीन की धोखाधड़ी एवं कूटरचित दस्तावेजों से संबंधित मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ के निर्देशन तथा पुलिस महानिरीक्षक कानपुर रेंज, कानपुर श्री यमुना प्रसाद के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। कोतवाली कायमगंज में दर्ज मामले में वांछित अभियुक्त अवधेश कुमार पुत्र शीशराम निवासी सवितापुर बिहारीपुर, थाना कंपिल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक 27 सितंबर 2024 को अंकित पुत्र धनेश वर्मा निवासी मोहल्ला बजरिया वृंदावन, कायमगंज ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि परगना कंपिल क्षेत्र की गाटा संख्या 230, रकबा 0.100 हेक्टेयर, गाटा संख्या 32, रकबा 0.080 हेक्टेयर तथा गाटा संख्या 33, रकबा 0.050 हेक्टेयर की जमीन, कुल क्षेत्रफल करीब 0.1966 हेक्टेयर, के संबंध में धोखाधड़ी कर बैनामा कराया गया और जमीन को दोबारा विक्रय किया गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने राजेश कुमार, अवधेश कुमार पुत्रगण शीशराम निवासी सवितापुर बिहारीपुर तथा शिवसिंह पुत्र होरीलाल निवासी ग्राम हमीरपुर काजी, परगना कंपिल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने वांछित अभियुक्त अवधेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान अपने बयान अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय के समक्ष देने की बात कही है।

## महुली हादसे पर निष्पक्ष मीडिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश श्रीवास्तव ने कैंप कार्यालय गोरखपुर पहुंचकर एक करोड रुपए और एक सरकारी नौकरी की मांग रखी कैंप प्रभारी को दिया पत्र

प्रतापगढ़ , दस्तक चाणक्य , डेस्कः महुली हादसे पर निष्पक्ष मीडिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश श्रीवास्तव ने कैंप कार्यालय गोरखपुर पहुंचकर एक करोड रुपए और एक सरकारी नौकरी की मांग रखी एवं कैंप प्रभारी को पत्र भी दिया है। निष्पक्ष मीडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश श्रीवास्तव जो की अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा के राष्ट्रीय मार्गदर्शक एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 129 के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 7235 के राष्ट्रीय सचिव संगठन विधवा एवं दिव्यांग सुरक्षा सेना ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विभिन्न कायस्थ संगठन और पत्रकार संगठन समाज सेवा संगठन और ब्लड डोनेशन के संगठनों में राष्ट्रीय पदाधिकारी के रूप में पूरे भारतवर्ष में सहयोग और अन्याय के खिलाफआवाज उठाने के लिए जाने जाते हैं, चाहे पलामू के जितेंद्र सिन्हा का मैटर हो ,औरंगाबाद के अजीत मुखिया का सिवान के मुकेश श्रीवास्तव का जौनपुर के आशुतोष श्रीवास्तव पत्रकार या फिर बलरामपुर के गंभीर हृदय रोगी भूपेंद्र श्रीवास्तव को रूपये 300000 की आर्थिक मदद, दिव्या सक्सेना बरेली को इलाज के लिए ढाई लाख रुपए की आर्थिक मदद, आशुतोष श्रीवास्तव पत्रकार सुल्तानपुर को सामाजिक सहयोग से तीन लाख 26 हजार रुपए की आर्थिक मदद, गोंडा के विजय सिंह को पीजीआई में इलाज के लिए 72000 की मदद, मोहम्मद साजन सलवन रायबरेली को आपके इलाज के लिए 62000 का आर्थिक सहयोग, हरचंदपुर के राम फेर को आशीष श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव के द्वारा ब्लड डोनेशन, गोंडा में देर होने पर मनोज श्रीवास्तव के द्वारा अपने बेटे से ब्लड डोनेशन, महोबा में मनोज मास्टर साहब के भाई को गंभीर हालत में तत्काल राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा ब्लड दिलाकर जान बचाई गई। गौरतलब है कि जयप्रकाश श्रीवास्तव जो पत्रकारिता एवं समाज सेवा क्षेत्र में पूरे भारत में पिछले 10 वर्षों से अधिवक्ता सुरक्षा कानून, पत्रकार सुरक्षा कानून के लिए आवाज उठाते रहे हैं। जिन्होंने अपना हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर रखा है। अदालत को छोड़कर बाकी के मैटर में सहयोग करने का प्रयास इस संगठन द्वारा किया जाता है।

### विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और दुर्गा वाहिनी की नवीन कार्यकारिणी का गठन

# युवाओं को मिली अहम जिम्मेदारियां




फर्रुखाबाद , दस्तक चाणक्य , धर्मबीर सिंहः विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी की जिला बैठक रविवार, 16 अगस्त 2026 को सरस्वती शिशु मंदिर, सेनापति, फर्रुखाबाद में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष मुकेश बॉथम ने की। कार्यक्रम में प्रांत सेवा प्रमुख नरेश जी एवं विभाग संगठन मंत्री ऋषभ जी की उपस्थिति और मार्गदर्शन रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं आचार्य पद्धति के साथ हुआ। इसके बाद संगठन के विभिन्न सत्रों में आगामी कार्यक्रमों, संगठन विस्तार और कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी में लगभग 70 से 80 नवीन दायित्वों की घोषणा की गई। नवीन कार्यकारिणी में युवा चेहरों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गईं। जिला सह मंत्री के दायित्व पर अनुज श्रीवास्तव, बजरंग दल विभाग संयोजक के रूप में अभिषेक जी, दुर्गा वाहिनी विभाग संयोजिका के रूप में विधि जी, बजरंग दल जिला सह संयोजक के दायित्व पर योगेंद्र प्रताप सिंह तथा विश्व हिंदू परिषद जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख के रूप में विनोद राजपूत को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा फतेहगढ़ प्रखंड में नगर अध्यक्ष के रूप में ऋषभ राठौर तथा नगर मंत्री के रूप में विपिन गुप्ता को नवीन दायित्व प्रदान किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दीं। इस बैठक में जिला सह मंत्री प्रवीण अवस्थी, विभाग संयोजक अभिषेक, जिला सह संयोजक रोहन मिश्रा, जिला गोरक्षा प्रमुख नूतन चतुर्वेदी, जिला सुरक्षा प्रमुख आकाश कट्टर हिंदू, दुर्गा वाहिनी जिला सह संयोजिका रुनझुन दुबे सहित विभिन्न प्रखंडों के विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

लखनऊ ( यूएनएस )। किसान पथ पर शनिवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा बीकेटी थाना क्षेत्र में जीसीआरजी कॉलेज के पीछे रात करीब 8.30 बजे हुआ। ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, सैरपुर-मड़ियांव के बासवान पुरवा निवासी अंकित पुत्र ओम प्रकाश मोटरसाइकिल संख्या यूपी32 जेयू6208 से जा रहे थे। इसी दौरान जीसीआरजी कॉलेज के पीछे किसान पथ पर उनकी बाइक की ट्रक संख्या जेएच02बीके0597 से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अंकित गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को 100 शैय्या अस्पताल, बीकेटी पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद अंकित को मृत घोषित कर दिया।




# सहज-सरल लेकिन इरादों के 'अटल' थे पूर्व प्रधानमंत्री-योगी

## मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर किया पुष्पार्चन

लखनऊ (यूएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'भारत रत्न' पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा निवेदित करते हुए लोकभवन स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटलजी का छह दशक का सार्वजनिक जीवन निर्विवाद और निष्कलंक रहा। वह भारतीय राजनीति के अजातशत्रु के रूप में 'राष्ट्र सर्वोपरि' के भाव के साथ निरंतर कार्य करते रहे। सार्वजनिक जीवन की शुरुआत उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में कश्मीर मेंधारा-370 लगाए जाने के विरोध में सत्याग्रह से प्रारंभ की थी। सीएम योगी ने कहा कि सांसद, विदेश मंत्री, नेता प्रतिपक्ष, जनसंघ व भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री की अलग-अलग भूमिकाओं में भी उनके लिए सदैव 'राष्ट्र प्रथम' रहा। वह भाजपा के सामान्य कार्यकर्ता से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, नेता सदन, प्रधानमंत्री समेत किसी भी पद पर रहे हों, लेकिन उनका जीवन का ध्येय केवल 'राष्ट्र प्रथम' था। जब-जब भी आवश्यकता पड़ी, उन्होंने दल से ऊपर देश को महत्व दिया।

कांग्रेस ने जब देश पर इमरजेंसी थोपी थी तो उन्होंने जनसंघ का जनता पार्टी में विलय करते हुए आपातकाल से मुक्ति के आंदोलन में बढ़ चढ़कर भाग लिया था। 1962, 1965, 1971 के युद्ध में उन्होंने सरकार को कटघरे में खड़ा करने की बजाय सरकार के साथ जिम्मेदार सांसद के रूप में खड़े होकर राष्ट्र की सुरक्षा को मजबूती



प्रदान करने में अपना योगदान दिया।भारत की राजनीति मेंअस्थिरता के दौर को रोकने और राजनीतिक स्थिरता के माध्यम से सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कैसे कदम उठाए जा सकते हैं, अटल जी ने राजनीतिक समन्वय के माध्यम से 1996-98 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए का निर्माण करके जो उदाहरण प्रस्तुत किया, वह आज भी भारत की राजनीति में प्रासंगिक बना हुआ है। एनडीए भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में सहयोगी दलों के साथ मिलकर निरंतर देश, राज्यों के अंदर विभिन्न सरकारों का संचालन करते हुए सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त कर रहा है। अटल जी जितने ही सहज व सरल थे, उतने ही इरादों के 'अटल' भी थे। कारगिल संघर्ष के दौरान दुनिया ने अटल जी के दृढ़संकल्प का लोहा माना। उस समय अटल जी ने कहा था कि हम पर युद्ध थोपा गया है, जिसका हम मुंहतोड़ जवाब देंगे। दुनिया की हर ताकत के सामने झुके बिना अटल जी ने भारत को एटॉमिक पावर के रूप में स्थापित किया। अटल जी को पहली बार 1957 में उत्तर प्रदेश की बलरामपुर संसदीय सीट से संसद में जाने का अवसर मिला। उन्होंने पांच बार लखनऊ संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। नेता विरोधी दल व प्रधानमंत्री के रूप में यशस्वी शासन का लोहा मनवाया।

पूरा देश पूर्व प्रधानमंत्री की स्मृतियों को नमन कर रहा है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख महापौर सुषमा खर्कवाल राज्यसभा सांसद ब्रजलाल विधायक नीरज बोरा विधान परिषद सदस्य अवनीश सिंह भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## मुख्यमंत्री ने किया सांस्कृतिक दलों के कलाकारों को सम्मानित

लखनऊ (यूएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधान भवन के समक्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विभिन्न सांस्कृतिक दलों के कलाकारों को आज यहां अपने सरकारी आवास पर सम्मानित किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' थीम के अन्तर्गत विधान भवन के समक्ष देश की विविध सांस्कृतिक परम्पराओं का भव्य संगम देखने को मिला। जम्मू एवं कश्मीर, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, छत्तीसगढ़, बिहार एवं गुजरात के कलाकारों तथा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कलाकारों ने अपनी विशिष्ट लोक एवं शास्त्रीय प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया।मुख्यमंत्री ने विभिन्न राज्यों एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कलाकारों से संवाद किया। उन्होंने कलाकारों से उनके प्रदेश, टीम में सम्मिलित कलाकारों की संख्या, उत्तर प्रदेश में उनके अनुभव तथा यहां के विभिन्न स्थलों के भ्रमण की इच्छा के बारे में जानकारी प्राप्त की। विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने उत्तर प्रदेश में उपलब्ध कराई गई व्यवस्थाओं, प्रशिक्षण, खान-पान एवं आतिथ्य की सराहना की। जम्मू एवं कश्मीर से आई श्रुति ठाकुर से संवाद करते हुए उनकी टीम के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने श्रीरामलला के दर्शन की इच्छा व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कलाकारों की अयोध्या यात्रा की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।महाराष्ट्र से आए ओंकार भास्कर रोकड़े ने उत्तर प्रदेश में मिली सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की सराहना की। कलाकार केवल गायन, वादन, नृत्य या नाटक प्रस्तुत करने वाले नहीं हैं, बल्कि वे लोक परम्परा और लोक संस्कृति के वाहक हैं। लोक परम्परा में अतीत सुरक्षित रहता है और भविष्य उसी अतीत से प्रेरणा प्राप्त करता है। इसलिए कलाकारों को अधिक से अधिक महत्व देते हुए प्रत्येक आयोजन से जोड़ना आवश्यक है। अयोध्या में दीपोत्सव एवं रामनवमी, मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, बरसाना में रंगोत्सव, बुन्देलखण्ड में आल्हा की परम्परा तथा प्रयागराज के माघ मेले जैसे आयोजनों के माध्यम से प्रदेश की विविध सांस्कृतिक परम्पराओं को मंच प्रदान किया जा रहा है। बुन्देलखण्ड की वीर रस की इस गौरवशाली परम्परा को और मजबूती के साथ आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। मथुरा के कलाकारों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि कलाकार लोक परम्पराओं को जीवन्त रखने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं।

# रानी अवंतीबाई लोधी की 195वीं जयंती पर गूंजा वीरता और राष्ट्रभक्ति का संदेश

फर्रुखाबाद, दस्तक चाणक्य, धर्मबीर सिंह: रविवार को अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के तत्वावधान में स्थानीय अनंत होटल में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की अमर वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की 195वीं जयंती धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने रानी अवंतीबाई लोधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनके अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम वर्मा ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री संदेश राजपूत ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के उत्तर प्रदेश प्रचार मंत्री फतेहचंद वर्मा रहे। उन्होंने कहा कि वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी ने मातृभूमि की रक्षा और स्वाधीनता के लिए अंग्रेजों से डटकर मुकाबला किया तथा देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनका जीवन त्याग, शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा है। युवा पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र और समाज के विकास में योगदान देना चाहिए। यहां अध्यक्षीय संबोधन में पुरुषोत्तम वर्मा ने समाज को संगठित होकर रानी अवंतीबाई लोधी के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षा, सामाजिक एकता और समाज के सर्वांगीण उत्थान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने पर जोर दिया। समारोह में युवा इकाई के जिला अध्यक्ष कौशलेन्द्र राजपूत तथा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुमन राजपूत सहित अनेक पदाधिकारी एवं समाज के लोग मौजूद रहे। विशेष अतिथियों में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सौभाग्यवती, किसान नेता अरविंद राजपूत, पवन राजपूत, नंदराम राजपूत, अनुज राजपूत, सत्यवीर राजपूत, जिला महामंत्री रजनेश राजपूत, संतोष राजपूत, विनोद राजपूत, सोवरन राजपूत, रामलड़ैते राजपूत, कमलेश राजपूत, शैलेन्द्र राजपूत, जेडी राजपूत, जनार्दनदत्त सिंह राजपूत, प्रतिभा राजपूत, लक्ष्मी राजपूत सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# फर्रुखाबाद में गरिमा और भव्यता के साथ मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस, वीर सपूतों को किया नमन

फर्रुखाबाद, दस्तक चाणक्य, धर्मबीर सिंह: देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनपद फर्रुखाबाद में जिला प्रशासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्ण भव्यता, गरिमा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़ में आयोजित मुख्य समारोह में उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, कैलाश सिंह राजपूत मुख्य अतिथि रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने की। इस अवसर पर विधायक अमृतपुर सुशील कुमार शाक्य, विधायक भोजपुर नागेंद्र सिंह राठौर तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रामचरण वर्मा की धर्मपत्नी उर्मिला वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। स्वतंत्रता दिवस के निर्धारित कार्यक्रम के क्रम में जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने प्रातः 7:30 बजे जेएनबी रोड स्थित भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इसके बाद प्रातः 8 बजे राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के सामूहिक उच्चारण के पश्चात ध्वजारोहण किया गया और राष्ट्रगान 'जन गण मन' का वाचन हुआ। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसके उपरांत सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रामचरण वर्मा की धर्मपत्नी उर्मिला वर्मा का माल्यार्पण कर शॉल भेंट करते हुए सम्मान किया गया। यहां जिलाधिकारी ने कहा कि फर्रुखाबाद में विकास, बेहतर सड़कें, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ, महिलाओं एवं बेटियों को सुरक्षित वातावरण तथा गरीब से गरीब व्यक्ति तक शासन की योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ रखना, जल संरक्षण करना, पौधे लगाना, सड़क सुरक्षा का ध्यान रखना, बेटियों की शिक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करना और अफवाहों के बजाय सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। सरकारी कार्यालय में आने वाला नागरिक उम्मीद लेकर आता है, इसलिए प्रयास होना चाहिए कि जरूरतमंद व्यक्ति कार्यालय से सम्मान लेकर वापस जाए। यही सुशासन एवं लोकतंत्र का मूल उद्देश्य है। जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता दिवस पर नागरिकों से संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि एक ईमानदार निर्णय, एक लगाया हुआ पौधा, एक बचाई हुई जान, एक पढ़ाया हुआ बच्चा, एक जरूरतमंद की मदद तथा एक बेटी की सुरक्षा एवं सम्मान भी राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को ऐसा भारत देना ही स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विधायक भोजपुर नागेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध होना चाहिए। इनका जीवन में पूर्ण रूप से क्रियान्वयन होने पर ही स्वतंत्रता को स्थायी रूप से मजबूत बनाया जा सकता है और देश निरंतर उन्नति के पथ पर आगे बढ़ेगा।



विधायक अमृतपुर सुशील कुमार शाक्य ने कहा कि भारत की महान परंपरा में महाभारत, रामायण और गीता जैसी अमूल्य धरोहरें हैं। देश की महान विभूतियों और संतों ने संपूर्ण विश्व का मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के इतिहास में प्रत्येक परिवार का किसी न किसी रूप में योगदान रहा है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रामचरण वर्मा की धर्मपत्नी उर्मिला वर्मा की उपस्थिति को स्वतंत्रता आंदोलन की गौरवशाली विरासत का जीवंत उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की उन्नति के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री कैलाश सिंह राजपूत ने कहा कि देशभर में 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और गौरव के साथ मनाया जा रहा है। देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश और प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। अपराध मुक्त प्रदेश के निर्माण के लिए सरकार द्वारा अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर द्वारा जनपद में किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की। कार्यक्रम के दौरान जनपद कवि शिवओम अंबर, जिला आबकारी अधिकारी गुरु प्रसाद गुप्ता, भूपेंद्र सिंह तथा विद्यालय की छात्राओं ने देशभक्ति एवं भारत की गौरवगाथा पर आधारित शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरकारी कर्मचारियों एवं सफाई कर्मियों को मुख्य अतिथि, जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश चंद सहित जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विश्व हिंदू महासंघ व राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस का महापर्व

फर्रुखाबाद, दस्तक चाणक्य, धर्मबीर सिंह: विश्व हिंदू महासंघ एवं राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के संयुक्त तत्वावधान में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का महापर्व शहर के पटेल पार्क पुलिस चौकी के पास राजीव अग्रवाल के आवास पर हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जाति-धर्म के लोगों के साथ राष्ट्रप्रेमी नागरिकों एवं पत्रकारों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। देश के महान क्रांतिकारी एवं अमर शहीद पंडित राम नारायण आजाद के पौत्र बॉबी दुबे ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के दौरान पूरा कार्यक्रम स्थल देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। उपस्थित लोगों ने जाति, धर्म एवं आपसी भेदभाव को भुलाकर एकजुटता का संदेश देते हुए भारत माता और वंदे मातरम् के जयघोष लगाए। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश को अंग्रेजी हुकूमत से आजाद कराने के लिए वीर क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनके त्याग, संघर्ष और बलिदान के कारण ही आज देशवासी स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। स्वतंत्रता सेनानियों के



बलिदान को याद रखना और उनके आदर्शों पर चलना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। विश्व हिंदू महासंघ एवं राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देश की एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश देता है। हमें महान क्रांतिकारियों के बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में कार्य करने और देश की एकता को मजबूत बनाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में बॉबी दुबे, रितेश शुक्ला, राजीव अग्रवाल, उमाशंकर गुप्ता, अनुराग दुबे सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे। संगठन संरक्षक राजीव अग्रवाल का कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित संगठन के जिला अध्यक्ष रितेश शुक्ला, राकेश सारस्वत, जिला महामंत्री अरविंद शुक्ला, चंद्र प्रकाश दीक्षित सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में पत्रकार अनुराग दुबे, मनीष श्रीवास्तव, राहुल कठेरिया, अमित जोशी, निशान दीक्षित, अनुज कुमार, बलवीर कुशवाहा, उमाशंकर गुप्ता, अनुराग यादव, सत्यम मिश्रा, ध्रुव शर्मा, अरुण दिवाकर, रैना कुशवाहा, रवि प्रताप बाथम और अमित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर तथागत सामाजिक समिति ने धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय पर्व, सामाजिक एकता और जागरूकता का लिया संकल्प



फर्रुखाबाद , दस्तक चाणक्य , धर्मबीर सिंह: देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर तथागत सामाजिक समिति की ओर से शिवगीता हॉस्पिटल, गुड़गांव देवी मंदिर नेकपुर खुर्द के पास स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रध्वज फहराकर राष्ट्रीय पर्व को देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता और एकता की भावना के साथ धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की और समाज में समानता, शिक्षा, नशामुक्ति तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन तथागत सामाजिक समिति के जिला अध्यक्ष शिवकुमार शाक्य ने किया, जबकि सभा की अध्यक्षता अंचल सिंह कुशवाहा ने की। मंच पर डॉ. रामकृष्ण राजपूत, इंजीनियर अवनीश शाक्य, ब्रह्ममानंद राजपूत, इंजीनियर प्रदीप कुमार सक्सेना, सुमन शाक्य एवं हिमलेश शाक्य सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की आजादी अनेक वीर सपूतों के त्याग, संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। स्वतंत्रता केवल अधिकारों का नाम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों को निभाने का भी संकल्प है।

सुरेंद्र सिंह शाक्य ने नशामुक्त समाज की आवश्यकता पर जोर देते युवाओं को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ और जागरूक समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। बेचेलाल शाक्य ‘बेचैन’ ने स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की। यहां इंजीनियर अवनीश शाक्य ने स्वतंत्रता के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की। यो वहीं ब्रह्ममानंद राजपूत ने शिक्षा की स्वतंत्रता पर अपने विचार रखते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का समान अवसर मिलना चाहिए। शिक्षा में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए ।इसी प्रकार डॉ. रामकृष्ण राजपूत ने धार्मिक स्वतंत्रता और समान शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। आगे पूर्व प्रधानाचार्य हिमलेश शाक्य ने कहा कि स्वतंत्रता की भावना केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे तन, मन और धन से आत्मसात करते हुए समाज और देश के हित में कार्य करना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान समिति की ओर से विभिन्न पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में डॉ. रामकृष्ण राजपूत, राधेश्याम शाक्य, संतोष कुमार शाक्य, हेमंत कुमार शाक्य, सुमन शाक्य एवं डॉ. धर्मवीर सिंह शाक्य शामिल रहे। इस अवसर पर समिति के जिला अध्यक्ष शिवकुमार शाक्य ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों को समिति के उद्देश्यों से अवगत कराया और सामाजिक जागरूकता, एकता तथा समरसता के लिए शपथ दिलाई।

समिति ने तेरहवीं संस्कार जैसी परंपराओं पर पुनर्विचार करते हुए शांति पाठ को बढ़ावा देने, विवाह समारोह दिन में संपन्न कराने तथा समाज में सकारात्मक एवं सरल परंपराओं को अपनाने की बात कही। इसके साथ ही शाक्य, कुशवाहा, मौर्य एवं सैनी समाज के बीच सामाजिक एवं वैवाहिक संबंधों को बढ़ावा देने, प्रत्येक परिवार में भगवान गौतम बुद्ध का चित्र सम्मानपूर्वक स्थापित करने और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की खरीद-फरोख्त समाज के लोगों के बीच करने का आह्वान किया गया। समिति ने बच्चों को उच्च से उच्च शिक्षा दिलाने, माता-पिता की सेवा करने, उनकी आंखों में आंसू न आने देने तथा अपने से बड़ों का पैर छूकर आशीर्वाद लेने की परंपरा को मजबूत करने का संकल्प दिलाया। साथ ही समाज में एकता, समरसता और समानता स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयास करने की अपील की गई। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शिवकुमार शाक्य, जिला कोषाध्यक्ष राधेश्याम शाक्य, जिला सचिव संतोष कुमार शाक्य, जिला उपाध्यक्ष गिरजाशंकर शाक्य, जिला उपाध्यक्ष महावीर सिंह शाक्य, पुस्तकालय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह शाक्य, जिला सचिव घनश्याम शाक्य, प्रचार सचिव डॉ. भोजराज शाक्य, जिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता सुभाष चंद शाक्य सहित समिति के अनेक पदाधिकारी एवं अखिलेश शाक्य, हेमंत शाक्य, जागेश्वर सिंह शाक्य, सुरेश राठौर, रवींद सिंह, रामरतन शाक्य, देवेंद शाक्य प्रधान, ब्रजमोहन सिंह राजपूत, रूपलाल, संतोष, अंकित शाक्य, आलोक शाक्य, शिवम कुशवाहा, रामऔतार मौर्य, लाला राम शाक्य, दुर्गेश कुमार, बेचेलाल शाक्य उर्फ बेचौन, ब्रह्ममानंद, नबनीत शाक्य, प्रो. के. सक्सेना, भागीरथ बौद्ध, राधेश्याम कुशवाहा, नीरज कुमार शाक्य सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार द्वारा लक्ष्मी ऑफसेट, 539क/100क/240 देवपुरी भवन, संजय गांधी पुरम फैजाबाद रोड, लखनऊ-206018 से मुद्रित एवं 660 जेड एच/पी 024/1, ग्राम-जाहिरपुर, वार्ड-शंकरपुरवा, थाना-गुडम्बा, लखनऊ-226021 ( उ.प्र. ) से प्रकाशित। RNI NO: UPHIN/2021/83520, ईमेल: thedastak24@gmail.com दुरभाष संख्या : 0522-7145695 सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।